# ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर को गति देने के लिए ट्रांसमिशन परियोजनाओं की समीक्षा

## इंटर स्टेट एवं इंट्रा स्टेट परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : मुख्य सचिव

■ उन्होंने प्रदेश में इन परियोजनाओं में मार्गाधिकार की बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने पावर ग्रिड तथा प्रदेश के ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोमवार को शासन सचिवालय में इंटर स्टेट एवं इंट्रा स्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान प्रदेश में इन परियोजनाओं में मार्गाधिकार (राइट ऑफ वे) की बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने के भी निर्देश दिए ताकि प्रदेश को ग्रीन एनर्जी कोरिडोर्स का लाभ मिल सके। इस दौरान ऊर्जा विभाग की ओर से बताया गया कि रास्ते की बाधाओं को दूर करने के लिए जिला कलक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों को उचित सहयोग प्रदान करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। ऐसे में प्रदेश में स्थापित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित बिजली की सुगम एवं निर्बाध निकासी के लिए इंटरस्टेट एवं इन्ट्रास्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं के माध्यम से विद्युत तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं उच्च क्षमता वाले ट्रांसमिशन ग्रिड का निर्माण न केवल प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि देश की प्रगति में भी योगदान देगा, ऐसे में इन परियाजनाओं का समय पर पूर्ण होना आवश्यक है।



मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने पावर ग्रिड तथा प्रदेश के ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इंटर स्टेट एवं इंट्रा स्टेट ट्रांसमिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने पावर ग्रिड के अधिकारियों से लंबित परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। पावर ग्रिड की ओर से आश्वस्त किया गया कि राज्य सरकार के सहयोग से सभी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स को शीघ्र ही पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। बैठक में पावर ग्रिड ने सोलर पार्क्स से उत्पादित बिजली को बिना ट्रिपिंग के अन्य राज्यों में भेजने के लिए अधिक प्रसारण क्षमता वाली हाई वोल्टेज डीसी (एचवीडीसी) लाइनों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस पर मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में पावर ग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वीआर मोहन बुर्रा, शासन सचिव ऊर्जा आरती डोगरा, अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने जन्मदिन मनाया

**जयपुर।** भाजपा जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने सोमवार को अपना जन्मदिन सादगी और मानव सेवा के साथ मनाया। जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और आमजन उनके पास पहुंचे, उन्हें गुलदस्ता और माल्यार्पण करके बधाई दी तथा सेवा कार्यों में भाग लिया।

सोशल मीडिया पर जन्मदिन की झलक सुबह से ही दिखाई दी और दिनभर शुभकामना संदेशों का तांता लगा रहा। एक्स (ट्विटर) प्लेटफॉर्म पर सुबह 9 बजे से ही - हैशटैग पूरे इंडिया में पहले नंबर पर ट्रेंड करने लगा। जिले, मंडलों एवं बूथ केंद्रों तक उनकी मजबूत सोशल मीडिया एवं आईटी टीम ने भी इसमें अहम भागीदारी निभाई, जिसकी बदौलत जिलाध्यक्ष का जन्मदिवस भारतवर्ष में लगभग 7 घंटे ट्रेंड पर रहा। इस दौरान उन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर, मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्यवर्धन राठौड़, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक रामवतार बैरवा, डॉ कैलाश वर्मा, निर्मल कुमावत, कन्हैया लाल मीणा सहित अनेक भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने उन्हें कॉल, मुलाकात एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## 'पब्लिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट-इंडियन स्टेट्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

■ पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सार्वजनिक निवेश के बेहतर प्रबंधन पर होगा मंथन

**जयपुर।** सार्वजनिक निवेश का बेहतर प्रबंधन, परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेश से अधिकतम परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) द्वारा जयपुर में 'पब्लिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट-इंडियन स्टेट्स' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सोमवार को शुरुआत हुई।

उद्घाटन सत्र में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि देश में सार्वजनिक परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए निवेश का अधिकतम लाभ आमजन और अर्थव्यवस्था को मिले।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक निवेश का असर केवल बड़े प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं रहा है। जल एवं परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं में लगातार निवेश से दूर-दराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर हुई है और लोगों को बाजारों एवं सार्वजनिक सेवाओं से जोड़ने में मदद मिली है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए हैं, जिनमें से करीब 9 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में तेजी से उभर रहा है। राइजिंग राजस्थान के तहत भी इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने भड़ला सौर पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी परियोजनाएं बताती हैं कि सही दिशा में किया गया रणनीतिक निवेश आर्थिक विकास को गति देने के साथ ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## रीको द्वारा 8 नए औद्योगिक क्षेत्र आवंटन के लिए शीघ्र खोले जायेंगे

■ इन नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के ले-आउट प्लान अनुमोदित किए जा चुके हैं

**जयपुर।** राजस्थान में औद्योगिक विकास को गति देने एवं निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश में 8 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर आगामी कुछ माह में उद्यिमयों के लिए आवंटन हेतु खोले जाएंगे।

रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्र खोले गए हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 8 नए औद्योगिक क्षेत्र आवंटन हेतु शीघ्र खोले जा रहे हैं। इन नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के ले-आउट प्लान अनुमोदित किए जा चुके हैं तथा इनके लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां तथा तकनीकी स्वीकृतियां भी जारी की जा चुकी हैं। इन क्षेत्रों में आधारभूत विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्यादेश जारी किये जा रहे हैं तत्पश्चात् इन औद्योगिक क्षेत्रों को उद्यिमयों के लिए आवंटन हेतु खोला जाएगा। रीको द्वारा आवंटन हेतु खोले जाने वाले नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में भीलवाड़ा में औद्योगिक क्षेत्र खांखला, नागौर में औद्योगिक क्षेत्र खींवसर, दौसा में औद्योगिक क्षेत्र समलेटी एवं औद्योगिक क्षेत्र स्टोन मंडी (रेटा डब्बी), फलौदी में औद्योगिक क्षेत्र हाजी सागर, ब्यावर में औद्योगिक क्षेत्र लाटोटी (जैतारण) एवं अजमेर में स्टोन मंडी (मोढी बदनौर) तथा चित्तौड़गढ़ में औद्योगिक क्षेत्र सांकरिया शामिल हैं।

क्षेत्रों के विकसित होने से संबंधित क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ उद्यिमयों के लिए नए निवेश अवसर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना एवं विकास कार्यों के लिए 1100 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। इससे प्रदेश में औद्योगिक आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ करने तथा उद्यिमयों के लिए विकसित औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

रीको द्वारा गत वित्तीय वर्ष में औद्योगिक क्षेत्रों को आवंटन हेतु खोलने तथा भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया में उल्लेखनीय गति दर्ज की गई। इस दौरान औसतन हर 17 दिन में एक औद्योगिक क्षेत्र आवंटन हेतु खोला गया जबकि प्रतिदिन औसतन 6 औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन किया गया। इस प्रकार से रीको द्वारा नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने व विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## शहर में गणेश विसर्जन का दौर शुरू

**जयपुर।** गणेश चतुर्थी पर घर-घर और देवालयों में विराजमान हुए सिद्धि विनायक गणपति बप्पा को जलाशय में विसर्जन करने का सिलसिला भक्तिभाव के साथ शुरू हो गया है। इसी क्रम में श्रीमन्न नारायण प्रन्यास मंडल की ओर से सीकर रोड, ढहर के बालाजी स्थित श्रीमन् नारायण धाम में स्थापित गणपति प्रतिमा का अजमेर रोड स्थित जलाशय में ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच विसर्जन किया गया।

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के उद्घोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विघ्नहर्ता को अगले वर्ष पुनः पधारने का निमंत्रण देते हुए भावपूर्ण विदाई दी। विसर्जन से पूर्व श्रीमन् नारायण धाम में पंडित तरुण भारती एवं मेदांत शर्मा के सान्निध्य में गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इस अवसर पर गणेश जी महाराज को हल्दी और मेहंदी लगाने की पारंपरिक रस्म भी भक्तिमय माहौल में निभाई गई। श्रद्धालुओं ने भजनों और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से वातावरण को धर्ममय बना दिया तथा परिवार व समाज में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## पदयात्रा रवाना

**जयपुर।** पानीपेच, बस्सी सीतारामपुरा स्थित जय महाबली दरबार ट्रस्ट के सौजन्य से सामोद के वीर हनुमान जी के पावन दर्शन हेतु 13वीं भव्य पदयात्रा सोमवार को भक्तिभाव के साथ रवाना हुई।

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने विधिवत ध्वज वंदन कर पदयात्रा का शुभारंभ किया और सभी पदयात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष निखिल वर्मा, आशीष बागड़ा, रामकिशन पंडित, माल सिंह और हेमलता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पदयात्रा के दौरान सबसे आगे हनुमान जी महाराज का भव्य रूप से सजा रथ चल रहा था। रथ के पीछे हाथों में लाल ध्वज थामे जयकारे लगाते सैकड़ों श्रद्धालु चल रहे थे, जिससे संपूर्ण मार्ग भक्तिमय हो गया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने में जनभागीदारी अहम : मुर्मु

**नई दिल्ली/जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव जीवन के अनेक स्तरों पर असंतुलन पैदा कर रहा है। जैव विविधता का ह्रास, जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं

■ राष्ट्रपति ने कमजोर वर्गों की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता पर जोर दिया

जलवायु परिवर्तन से गहराई से जुड़ी हैं। इसके प्रभाव खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सरकारों के साथ समाज और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। राष्ट्रपति को नई दिल्ली में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से 'पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का भविष्य' विषय पर आयोजित



एनजीटी का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सत्र का समापन हुआ।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल चुनौती से निपटने के लिए नीतियों और कार्रवाई का एक सुगठित ढांचा आवश्यक है। इसमें केवल सरकार और कानूनी विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि वे समुदाय भी सक्रिय भागीदार हों, जो जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

राष्ट्रपति ने एनजीटी की ओर से आयोजित सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि इसमें विभिन्न देशों के विशेषज्ञों, न्यायाधीशों, विधिवेत्ताओं और पर्यावरण से जुड़े प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाया गया।

## नौ हजार स्मार्ट क्लास एवं सात हजार आईसीटी लैब होंगी स्थापित

■ सरकारी स्कूलों में 3 वर्ष में 12 हजार 500 करोड़ रुपए से मजबूत होगा एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के सभी 41 जिलों में सरकारी विद्यालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 3 वर्ष में लगभग 12 हजार 500 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा। ढाई वर्ष के कार्यकाल में विद्यालय भवन एवं अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण में 2 हजार 723 करोड रूपये से अधिक की राशि व्यय की जा चुकी है, जबकि गत सरकार द्वारा अपने 5 साल के कार्यकाल में कुल 2 हजार 287 करोड रूपये ही व्यय किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शिक्षा के आधारभूत ढांचे के विकास को लेकर तैयार रोडमैप के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर निर्देश दिए। तकनीकी सर्वे के आधार पर तैयार रोडमैप के अनुसार स्कूलों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए 3 हजार 587 नए विद्यालय भवनों पर लगभग 2 हजार 487 करोड़ रुपये, 83 हजार 783 नवीन कक्षा-कक्षों पर लगभग 8 हजार 378 करोड़ रुपये से अधिक तथा 22 हजार 589 विद्यालयों में मेजर रिपेयर पर लगभग 1 हजार 129 करोड़ रुपये से अधिक तथा 13,616 नए शौचालय परिसरों पर लगभग 340 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाए जाएंगे। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 107 करोड़ रुपये की लागत से 9 हजार स्मार्ट क्लास तथा 880 करोड़ रुपये की लागत से 7 हजार आईसीटी लैब स्थापित की जाएंगी। साथ ही, लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 80 हजार टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 'हम भारत के लोग' के संदेश के साथ जयपुर में लोकमंथन यात्रा निकली

■ 5000 से अधिक लोगों की उपस्थिति व 3500 से अधिक महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया

**जयपुर ।** लोकमंथन-2026 के अंतर्गत 'लोकमंथन यात्रा-जयपुर महानगर' का शुभारंभ आज गोविंद देव जी मंदिर में दर्शन के पश्चात जलेबी चौक से हुआ। लोकमंथन-2026 आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यात्रा रथ को रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों, प्रबुद्धजनों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

यात्रा में शाही लवाजमे, लोक वाद्य, पारंपरिक परिधान, अखाड़ों के खिलाड़ी, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा विभिन्न लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा मार्ग में रंगोलियां सजाई गईं तथा अनेक स्थानों पर व्यापार मंडलों और समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा की गई। क्रीड़ा भारती के खिलाड़ियों ने चलते



लोकमंथन में नागरिकों, प्रबुद्धजनों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

मार्ग में साइकिलिंग, स्केटिंग, फुटबॉल, कबड्डी, सतोलिया आदि खेल गतिविधियों के माध्यम से लोकमंथन के संदेश को जीवंत बनाया। पूरे यात्रा में 1500 खिलाड़ी व नागरिक सहभागी हुए। यात्रा हवामहल, बड़ी चौपड़ और अल्बर्ट हॉल होते हुए महारानी कॉलेज पहुँची। महारानी कॉलेज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 5000 से अधिक लोगों की सहभागिता रही। इनमें 3500 से अधिक महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल रहे। विशेष रूप से बड़ी संख्या में छात्राओं और युवा पीढ़ी की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक सामाजिक स्वरूप प्रदान किया।

महारानी कॉलेज परिसर में लोकमंथन के विभिन्न आयामों को अलग-अलग मंचों और प्रदर्शनी स्थलों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मुख्य सभागार में 'धरती धोरा री' नृत्य, चरी नृत्य, मांड गायन, भवई, कच्छी घोड़ी, कठपुतली नृत्य, कालबेलिया नृत्य, मलखम्ब प्रदर्शन, संस्कृत लोकगीत एवं लोकनृत्य सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। 'लोक में भारत' तथा 'लोक साहित्य और संस्कृति' जैसे विषयों पर व्याख्यान हुए। साथ ही 'स्वतंत्रता समर में राजस्थान के लोक नायक' विषय पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

लोक आस्था और लोक चेतना को दर्शाने के लिए बाबा रामदेव जी एवं वीर तेजाजी से संबंधित झांकियां और मंदिर परंपरा की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके माध्यम से राजस्थान की लोक आस्था, लोक नायकों और समाज जीवन में उनकी भूमिका को सामने रखा गया।

कार्यक्रम में लोक जीवन के विविध पक्षों पर संवाद की श्रृंखला भी आयोजित की गई। सेमिनार हॉल में जयपुर की लोक कला एवं संस्कृति पर प्रश्नोत्तरी, 'लोक परम्पराएँ' विषय पर लोक संवाद तथा 'हम भारत के लोग-हमारी भाषा हमारी पहचान' विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई।

## राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केन्द्र का निरीक्षण

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केन्द्र का निरीक्षण कर सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न जिलों के परिवादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान संपर्क पोर्टल के तहत एक अभिनव पहल की गई है। इसके माध्यम से प्रशासनिक सचिव प्रतिदिन वीडियो कॉल के जरिए आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार से सरकार को आमजन की समस्याओं के स्वरूप और उनकी वास्तविक कठिनाइयों को सीधे समझने में भी मदद मिल रही है।

# सार-समाचार

## रामजी लाल स्वर्णकार की 23वीं पुण्य तिथि पर 'समुद्र मंथन' का मंचन



**जयपुर ।** रामजी लाल स्वर्णकार की 23वीं पुण्य तिथि के अवसर पर रविवार को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर के आर.एल. स्वर्णकार ऑडिटोरियम में विशेष स्मृति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की रेपर्टरी कंपनी द्वारा प्रसिद्ध हिन्दी नाटक 'समुद्र मंथन' का भावपूर्ण और प्रभावशाली मंचन किया गया। समारोह की शुरुआत रामजी लाल स्वर्णकार एवं गोमती देवी स्वर्णकार के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर परिवारजनों, विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों, न्यायिक एवं प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े अतिथियों तथा कला जगत की हस्तियों ने उनकी स्मृतियों को साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चेयरमैन डॉ एम एल स्वर्णकार ने कहा कि माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार नई पीढ़ी के आचरण का हिस्सा बन जाये यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होती है। उन्होंने कहा कि रामजी लाल स्वर्णकार की 23वीं पुण्य स्मृति पर कला और संस्कृति को समर्पित यह विशेष प्रस्तुति उनके मूल्यों एवं विरासत को स्मरण करने का माध्यम है।

## गलत दिशा से आ रही कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मारी

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में रविवार रात गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने पहले बाइक सवार परिवार को टक्कर मारी। इसके बाद चालक ने कार पीछे लेकर बाइक को दोबारा टक्कर मार दी। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसके पिता घायल हो गए। हादसे के बाद चालक भागने लगा और रास्ते में एक कार सहित आधा दर्जन से अधिक वाहनों को टक्कर मार दी। लोगों ने पीछा किया तो चालक कार को सुनसान जगह छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार रविवार रात कुंडा के पास एक कार गलत दिशा से आ रही कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। चालक ने कार रोकने के बजाय उसे पीछे लिया और बाइक को फिर से टक्कर मार दी। बाइक पर सवार बच्ची को बचाने के प्रयास में उसके पिता वेद प्रकाश सैनी घायल हो गए। उनके हाथ और पैर में चोटें आई हैं। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से भागने लगा। इसी दौरान कार ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक ने कार नहीं रोकी और रास्ते में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारते हुए आगे बढ़ता रहा। कार का अगला हिस्सा टक्कर के कारण बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गया। कार को लगातार टक्कर मारते हुए भागता देख कुछ बाइक सवारों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। लोगों को पीछे आता देखकर चालक ने कार एक सुनसान जगह पर छोड़ दी और पैदल भाग निकला।

## उपभोक्ता आंदोलनकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन 25-26 को

**जयपुर।** देशभर के उपभोक्ता संगठनों का राष्ट्रीय सम्मेलन 25 और 26 सितंबर को जयपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन में देश में उपभोक्ता संरक्षण की मौजूदा स्थिति की समीक्षा के साथ उपभोक्ता आंदोलन की भावी कार्ययोजना पर मंथन किया जाएगा। आयोजन उपभोक्ता संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की ओर से अग्रणी उपभोक्ता संस्था केन्स के स्थानीय संयोजन में होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता सीसीआई की राष्ट्रीय अध्यक्ष गुजरात की प्रीती पण्ड्या करेंगी। कंज्यूमर मैन ऑफ इंडिया डॉ. अनन्त शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। सम्मेलन में आयोजित तकनीकी सत्रों में उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों और नियामक प्रावधानों पर चर्चा की जाएगी। नई दिल्ली के डॉ. अरुण कुमार, तमिलनाडु के एम. सेल्वराज, उत्तरप्रदेश के भूपसिंह पाल, आंध्रप्रदेश के सीएच. हरिबाबू और महाराष्ट्र के देवेन्द्र तिवारी विशिष्ट वक्ता होंगे। सम्मेलन में 25 से अधिक राज्यों के करीब 400 उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के समन्वयक एवं केन्स के उपाध्यक्ष संजय खण्डेलवाल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान सीसीआई की नई राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल का चुनाव भी होगा। इस अवसर पर 21 हजार किलोमीटर लंबी उपभोक्ता जागरूकता भारत यात्रा पूरी करने के लिए डॉ. अनन्त शर्मा का अभिनंदन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में किया जाएगा।

## ग्रीनफिट मैराथन 27 सितंबर को

**जयपुर।** फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आधार प्राइम ग्रीनफिट हाफ मैराथन-सीजन 3 का आयोजन 27 सितंबर को विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून कॉम्प्लेक्स से किया जाएगा। ग्रीनफिट फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस साल ग्रीनफिट फाउंडेशन द्वारा आयोजित आधार प्राइम ग्रीनफिट हाफ मैराथन पावर्ड बाय खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट एंड को-पावर्ड बाय जीसीएलड्रीम्स में जयपुर नगर निगम की एक अहम सहभागिता है। 'रन फॉर ग्रीनर अर्थ' के थीम पर आयोजित इस मैराथन में अब तक 8,500 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 10 हजार से अधिक रनर्स के शामिल होने की संभावना है। मैराथन में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दीया कुमारी मैराथन मुख्य अतिथि और जयपुर सांसद मंजू शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी कमान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पी.एस. शेखावत; मेंटोर, अजय अग्रवाल; रेस डायरेक्टर - सेवानिवृत्त, लेफ्टिनेंट कर्नल, विजयपाल सिंह और फेस ऑफ द इवेंट, राजेश चौधरी भी आयोजन में शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए 21 किमी टाइम्ड हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी टाइम्ड रन तथा 3 किमी फन रन की श्रेणियां रखी गई हैं। विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं के लिए 2.55 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि निर्धारित किए गए है। मैराथन का रिपोर्टिंग और फ्लैग ऑफ 27 सितंबर को सुबह 5:30 बजे होगा। आयोजन में प्रोफेशनल रनर्स के अलावा सेना के जवान, कॉर्पोरेट टीम, स्टूडेंट्स, वुमन, चिल्ड्रन, सीनियर सिटीजन और रनिंग कम्युनिटी की भागीदारी रहेगी। व्यवस्थाओं के लिए 400 से अधिक वॉलंटियर्स के साथ मेडिकल टीम, फिजियोथेरेपिस्ट, रूट मार्शल और हाइड्रेशन टीम तैनात की जाएगी।

## आम आदमी पार्टी पूरे राजस्थान में लड़ेगी पंचायती राज चुनाव

**जयपुर।** आम आदमी पार्टी राजस्थान आगामी पंचायती राज चुनाव में प्रदेशभर में चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राज्य संगठन महासचिव विश्वेंद्र सिंह ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि बारां नगर परिषद में पार्टी की हालिया जीत के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों द्वारा पार्टी से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन के लिए पार्टी की ओर से क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में राज्य सचिव जुगल किशोर शर्मा भी मौजूद रहे। पार्टी के अनुसार बारां की जीत के बाद आम आदमी पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है और युवाओं में भी राजनीतिक भागीदारी को लेकर रुचि बढ़ी है। पार्टी अधिक से अधिक युवाओं को आगामी पंचायती राज चुनाव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## अवकाश के दिन हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट में सोमवार को बाबा रामदेव जयंती के मौके पर अवकाश रहा। हालांकि तिजारा नगर परिषद के चेयरमैन और केकड़ी नगर पालिका अध्यक्ष के चुनावों को लेकर बीती रात दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई के लिए जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ का गठन किया गया। एकलपीठ ने अवकाश के दिन दोनों मामलों पर सुनवाई की।